समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी का पहला संबोधन, आज रात 8 बजे करेगें देश को संबोधित।

Publisher

Published on 12 May 2025



## 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम मे हुंए आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बीच पीएम मोदी देश को संबोधित करने वाले है.

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और सैन्य गतिविधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज सोमवार (12 मई, 2025) को देश को संबोधित करने जा रहे हैं. ये संबोधन रात 8 बजे होगा. उनका संबोधन ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों देशों ने जमीन, हवा और समुद्र में सभी सैन्य हमलों को रोकने के लिए आपसी सहमति जताई है और आज ही डीजीएमओ लेवल की बातचीत होनी है.

22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और पीओके के साथ-साथ पाकिस्तान के भीतर 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया गया. भारतीय सेना के मुताबिक, इस हमले को पाकिस्तान की आर्मी ने अपने ऊपर ले लिया और भारत की आम जनता और मिलिट्री बेस को निशाना बनाने की कोशिश की. इसके बाद फिर भारत की सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया.

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार बैठकों में रहे व्यस्त
पहलगाम आतंकी हमले के दौरान पीएम मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे और जैसे हमले की खबर उन्हें मिली, पीएम मोदी तुरंत दौरा छोड़ देश पहुंचे और स्थिति का जायजा लेने के लिए लगातार बैठकें कीं. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उनकी बैठकों का दौर जारी रहा.

इससे पहले आज दिन में भी प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच

निर्धारित वार्ता से पहले एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल थे. बैठक में एनएसए अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुख शामिल हुए.

7 मई को लॉन्च हुआ ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर उन आतंकियों को जवाब है, जिन्होंने निर्दोष और बेगुनाह को लोगों की जान ली. पहलगाम के आतकी हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें से 25 टूरिस्ट थे जो बैसरन घाटी घूमने के लिए गए थे.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.